भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2741
(19 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए)

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का कार्यान्वयन

2741. श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ':

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा देश में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) का कार्यान्वयन किया जा रहा है और यदि हां, तो उत्तर प्रदेश सहित राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त योजना के अंतर्गत आजमगढ़ जिले में ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) उन युवाओं की संख्या और ब्यौरा क्या है जिन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया गया है और जिन्हें प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त रोजगार प्राप्त हुआ है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): जी हां, दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) वर्ष 2014 से उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में कार्यान्वित की जा रही है। उत्तर प्रदेश सहित कार्यान्वयन और प्रगति का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख) और (ग): जी हां, डीडीयू-जीकेवाई के अंतर्गत आजमगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पात्र युवा अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आजमगढ़ जिले से अब तक कुल 3261 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है और 946 अभ्यर्थियों को नियोजित किया गया है।

****

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 19.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2741 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र. सं.	राज्य	अभ्यर्थियों की संख्या (योजना की शुरुआत से लेकर नवंबर, 2023 तक)	
		प्रशिक्षित	नियोजित
1	आंध्र प्रदेश	117001	96704
2	अरुणाचल प्रदेश	1274	469
3	असम	75717	43778
4	बिहार	77069	41809
5	छत्तीसगढ़	56681	29782
6	गुजरात	25913	15439
7	हरियाणा	44425	31832
8	हिमाचल प्रदेश	12512	5373
9	जम्मू और कश्मीर	68807	43440
10	झारखंड	67775	32593
11	कर्नाटक	52971	33113
12	केरल	71310	40992
13	मध्य प्रदेश	81493	43041
14	महाराष्ट्र	53973	36745
15	मणिपुर	5645	2173
16	मेघालय	6219	3431
17	मिजोरम	1720	967
18	नागालैंड	6420	3699
19	ओडिशा	212519	172271
20	पंजाब	37291	21464
21	राजस्थान	72340	36924
22	सिक्किम	2655	940
23	तमिलनाडु	67828	61135
24	तेलंगाना	61670	47717
25	त्रिपुरा	11216	5842

26	उत्तर प्रदेश	211762	59165
27	उत्तराखंड	19296	9687
28	पश्चिम बंगाल	38962	23666
29	पुद्दुचेरी	1650	582
30	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	493	154
	कुल	**15,64,607**	**9,44,927**

*****